आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

मौसम

प्रदेश में वर्षा का दौर जारी है। शिमला, कुल्लू, मंडी, सोलन चंबा सहित प्रदेश के अनेक भागों में बीती रात से रूक–रूक कर हल्की वर्षा हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के सात जिलों ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिला के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश से चंबा जिले में जन–जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। खराब मौसम के मद्देनजर आज चंबा उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि चंबा भरमौर एनएच सहित जिले के सैंकड़ों मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध है। बाईट– विकास

मणिमहेश यात्रा के ट्रैक पर विभिन्न स्थानों पर 12 हजार के करीब श्रद्धालु फंसे है जिन्हें निकालने के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी है। इस बीच चंबा जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि सभी यात्री सुरक्षित है और घबराने की जरूरत नहीं है। बाईट–डीसी चंबा

वहीं कुल्लू जिला में आज भी मनाली, आनी व निरमंड उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मॉनसून सत्र का आज दसवां दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अगस्त को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

राष्ट्रीय खेल दिवस

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का विषय है–शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को प्रोत्साहन देने के लिए खेल। यह विषय इस बात पर बल देता है

कि कैसे खेल बाधाओं को तोड़ सकते हैं, टीम वर्क को बढ़ावा दे सकते हैं और क्षेत्र, धर्म या पृष्ठभूमि के मतभेदों से परे लोगों को एक साथ ला सकते हैं।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........</u>

अमर उजाला और दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है– हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित।

दिव्य हिमाचल के मुताबिक–मणिमहेश यात्रा पर पूरी तरह रोक।

पंजाब केसरी की एक खबर है–एफसीए में संशोधन के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी हिमाचल सरकार।

––––––––––––––––